**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 01 अक्टूबर, 2025 :-**

**(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहादत शताब्दी वर्ष के अवसर पर गुरु नानक स्कूल, राँची में आयोजित 'जागृति यात्रा' कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा कीर्तन श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।**

**विदित हो कि यह 'जागृति यात्रा' श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज की 350वीं शहादत शताब्दी वर्ष को समर्पित है। यह यात्रा 17 सितंबर को गुरु के बाग, पटना साहिब से आरम्भ हुई थी और विभिन्न राज्यों से होकर कल रात्रि राँची पहुँची।**